दिनांक :- 23/04/2024

भाषा विवि ने जीते पांच स्वर्ण पदक

ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों ने जी सी आर जी ग्रुप ऑफ़ कॉलेजेज, लखनऊ में आयोजित वार्षिकोत्स "उड़ान" के अंतर्गत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 18 अप्रैल 2024 को आयोजित खेल प्रतियोगिताओं के अंतर्गत रेसलिंग में पांच गोल्ड मेडल प्राप्त कर विश्वविद्यालय की गरिमा बढ़ाई| इसका पुरस्कार वितरण 20 अप्रैल 2024 को किया गया | इस प्रतियोगिता में भाग लेने वाले विद्यार्थियों में अमन सिंह (बीटेक सिविल) ने 80 किलोग्राम भार के अंतर्गत प्रथम स्थान प्राप्त किया। कृष्ण रौतेला (बीटेक बायोटेक) ने 70 किलोग्राम भार के अंतर्गत प्रथम स्थान प्राप्त किया तो मुदित शुक्ला (बी ए फिजिकल एजुकेशन ने 65 किलोग्राम भार के अंतर्गत प्रथम स्थान पर रहे जबकि मोहम्मद रेहान (बी सी ए) ने 60 किलोग्राम भार के अंतर्गत प्रथम स्थान प्राप्त किया वहीं शुभम (बी सी ए) ने 50 किलोग्राम भार के अंतर्गत प्रथम स्थान प्राप्त कर ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय का नाम रौशन किया। भाषा विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो एनबी सिंह ने सभी विजेताओं को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी।
इस प्रतियोगिता में सभी विद्यार्थियों का प्रदर्शन प्रशंसनीय रहा|

जारीकर्ता:-
मीडिया कमेटी
केएमसी भाषा विश्वविद्यालय, लखनऊ